निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, निकाला गया। परिजनों ने अस्पताल सामने नहीं आई है।

# बिड़ला महाविद्यालय में थैलिसिमिया जाँच शिविर संपन्न

**भारत संवाद न्यूज नेटवर्क**

बी. के. बिड़ला महाविद्यालय, कल्याण के माइक्रोबायलोजी विभाग द्वारा रोट्री क्लब ऑफ डोम्बीवली डायमंड्स के संयुक्त तत्वावधान में छात्रों के लिए थेलिसिमिया जागरूकता शिविर का आयोजन किया गयो यह आयोजन छात्रों में थेलिसिमिया के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से महाविद्यालय द्वारा प्रति वर्ष किया जाता हैं यह एक आनुवांशिक बीमारी है जिसे समय से पूर्व पता चलने पर अगली पीढी में हस्तांतरित होने से रोका जा सकता हैं इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ. वंदना धकतोड़े, उप प्राचार्या डॉ. मनिंदर कौर, वरिष्ठ पैथोलोजिस्ट डॉ. माधव बैतुले और डॉ. राजेश कदम विशेषज्ञ विशेष रूप से उपस्थित थें शिविर की संयोजक डॉ. धीरज शेखावत ने सभी आगंतुकों का स्वागत कियो उन्होंने युवा वर्ग को विवाह पूर्व थेलिसिमिया की जाँच को आवश्यक बताया जिससे अगली पीढ़ी को इस समस्या का सामना न करना पड़े रोट्री क्लब द्वारा छात्रों को एक वीडियो दिखाई गई जिसमें थेलिसिमिया की समस्याओं और उसके समाधान का सन्देश दिया गयो महाविद्यालय के शिक्षा निदेशक डॉ. नरेश चन्द्र और प्राचार्य डॉ. अविनाश पाटील ने ऐसे आयोजनों को वर्तमान के लिए अत्यंत उपयोगी बतायो उप प्राचार्य डॉ. हरीश दुबे, डॉ. सन्देश जायभाय और सुश्री मैत्री, श्री सागर दुसाने, श्री कुंदन नेमाड़े, श्री बाला जी अय्यर, श्री जगदीश तांबट, आदि रोटरी क्लब के सदस्यों के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 225 से अधिक विद्यार्थियों की जांच की गईं डॉ. शुभांगी राजगुरु, प्रा. सिमरन गुप्ता, डॉ.नारायण तोटेवाड़, प्रा.रघुनाथ पाटिल, वल्लभ कोर, अनिकेत टोहके, दीपक महाले, अस्मिता भालेराव, कोमल पाल, अन्निका हूर, सैफ खान आदि के विशेष सहयोग से यह आयोजन संपन्न हुआ

